आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक
# परिहार गर्जना

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका | संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 174 | छतरपुर, सोमवार 20 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने न्यायाधीश जीपी सिंह की जीवनी का किया विमोचन







परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने न्यायाधीश जीपी सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि वे सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि एक संस्था थे। उनके कर्म, ज्ञान व चरित्र की त्रिवेणी से समाज को एक नई दिशा मिलेगी। उनके द्वारा दिये निर्णय न्याय क्षेत्र में आधार बन जाते हैं। उन्होंने विंध्य तथा मध्यप्रदेश का नाम ऊंचा कर लोकतंत्र को सही राह दिखाने का वरदान दिया। समाज में दिशाहीनता को समाप्त करने के लिए ऐसे आदर्शों व चरित्रों पर लिखी जीवनी को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियां ऐसे महान चरित्र को पहचान सके और बुराईयों को दूर करने में अपना योगदान दे सके। न्यायाशीध जीपी सिंह समाज के ऐसे धरोहर व विभूति है जिससे समाज प्रेरणा लेता रहेगा। इस अवसर पर मंचस्थ न्यायाधीशों ने भी न्यायाधीश जीपी सिंह के जीवन से जुड़े उल्लेखनीय कार्यों का जिक्र किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विंध्य भवन कटंगा जबलपुर में न्यायाधीश जीपी सिंह की जीवनी का विमोचन किया।

उल्लेखनीय है कि उक्त जीवनी वरिष्ठ अधिवक्ता वीएस श्रोती ने लिखा है। इस अवसर पर जस्टिस आरएस झा, जस्टिस पीपी नावलेकर, जस्टिस वीके शुक्ला, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, पूर्व महाधिवक्ता आरएन सिंह सहित विधि जगत के ख्यातिलब्ध न्यायाधीश मौजूद थे। विमोचन समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद आशीष दुबे सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## ज्वैलरी शॉप में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

### चोरी के माल सहित एक चोर गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी



छतरपुर। करीब 10 दिन पहले बमीठा कस्बे की एक ज्वैलरी शॉप में चोरी का मामला सामने आया था। मामले की विवेचना और चोरों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गठित की गई पुलिस टीम ने गहन विवेचना के उपरांत एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके कब्जे से चोरी गए आभूषण सहित 11 लाख का माल बरामद हुआ है। रविवार को जिला मुख्यालय के पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा कार्रवाई की जानकारी पत्रकारों के साथ साझा की गई।

एसपी अगम जैन ने बताया कि 11 जनवरी को बमीठा कस्बे की ज्वैलरी शॉप और बर्तन की दुकान में चोरी हुई थी, जिसकी रिपोर्ट बमीठा निवासी रामकुमार पिता पुट्टन सोनी द्वारा बमीठा थाना में दर्ज कराई गई थी। उनकी शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के लिए टीम गठित की गई, जिसने 7 दिनों तक निरंतर भ्रमण कर सीमावर्ती राज्यों में आरोपियों की तलाश की। इस दौरान एकत्रित हुए साक्ष्यों से चोरों का मूवमेंट गुना-शिवपुरी की ओर होने की सूचना प्राप्त हुई। टीम ने गुना जिले में दबिश देकर दो संदेहियों को अभिरक्षा में लिया और पूछताछ की तो एक युवक सत्येंद्र पुत्र शिवराम रघुवंशी निवासी भगत सिंह कॉलोनी गुना थाना कैंट जिला गुना ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी 3 किलो चांदी के आभूषण, कमरबंद, बड़ी-छोटी पायलें, कंगन, बिछिया इत्यादि बरामद किए गए। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त किया गया। आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त वाहन को मिलाकर करीब 11 लाख की संपत्ति पुलिस टीम ने जप्त की है। आरोपी सत्येन्द्र ने बताया कि घटना में कुछ अन्य आरोपी भी संलिप्त हैं, जिनकी तलाश अभी जारी है। सत्येन्द्र के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## कट्टा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई

### अवैध हथियारों सहित सामग्री जप्त, चार आरोपी गिरफ्तार



छतरपुर। अवैध हथियारों के प्रदर्शन, इस्तेमाल और निर्माण के विरुद्ध छतरपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिविल लाइन थाना छतरपुर और बमीठा थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की गई है। बताया गया है कि पिछले दिनों सिविल लाइन पुलिस द्वारा एक युवक को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया था, जिससे पूछताछ के दौरान मिली जानकारी से एक के बाद एक 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिस आरोपी ने हथियार सप्लाई किए थे, उसने पूछताछ में पुलिस को बमीठा थाना क्षेत्र में संचालित हो रही कट्टा फैक्ट्री की जानकारी दी और इसके बाद दोनों थानों की संयुक्त टीम ने कट्टा फैक्ट्री पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध हथियार और



हथियार बनाने की सामग्री जप्त कर ली। पुलिस ने हथियार बनाने वाले मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसके

...शेष पृष्ठ 16 पर

# वाटरसेट योजना से कृषि क्षेत्र में होगा क्रांतिकारी बदलाव - शशिकांत अग्निहोत्री





**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा। जनपद क्षेत्र बक्सवाहा के ग्राम पंचायत शहपुरा (तेईयामार) में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत वाटरसेट योजना के प्रचार प्रसार, निर्माणकार्यों का लोकार्पण और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमें किसानों के जीवन को बदलने वाली इस योजना की जोरदार शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता शशिकांत अग्निहोत्री ने जल संकट के मुद्दे पर चिंता जाहिर करते हुए कहा, वाटरसेट योजना से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित होगी, क्योंकि यह न केवल जल संसाधनों का कुशल उपयोग करेगी, बल्कि सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित भी करेगी। इस योजना के जरिए हम किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार और उनकी कृषि क्षमता को बढ़ावा देंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तिलक और माल्यार्पण से हुआ, जिसके बाद ग्राम पंचायत शहपुरा में लाखों रुपये की लागत से विभिन्न कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया गया। लगभग 70 लाख रुपये के कार्यों का उद्घाटन किया गया और 22 लाख रुपये की लागत से होने वाले नए कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी ने कहा, इस योजना से किसानों को सिंचाई के लिए स्थिर जल आपूर्ति मिलेगी, जिससे उनका कृषि उत्पादन और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यह योजना जल संकट का स्थायी समाधान है।

कार्यक्रम में जिला जनपद सदस्य करन सिंह लोधी ने कहा, वाटरसेट योजना से जल प्रबंधन को नया आकार मिलेगा। किसानों को सिंचाई के लिए पानी की कोई कमी नहीं होगी, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। यह योजना किसानों के लिए जीवन का एक नया अवसर साबित होगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष विधा अग्निहोत्री ने भी इस योजना को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, यह योजना न केवल जल संकट का समाधान है, बल्कि कृषि के क्षेत्र में एक नई दिशा देगी। यह योजना किसानों के लिए एक सुनहरा भविष्य सुनिश्चित करेगी।

कार्यक्रम में बक्सवाहा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भागीरथ तिवारी ने कहा, इस योजना से न केवल जल का कुशल प्रबंधन होगा, बल्कि यह कृषि उत्पादन में भी क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी। किसानों को हर मौसम में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा, जिससे उनकी कृषि कार्यक्षमता बढ़ेगी। महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष मिली फट्टा ने कहा, जल प्रबंधन के क्षेत्र में इस योजना का प्रभाव सकारात्मक होगा। इससे न केवल किसानों की समस्याएं हल होंगी, बल्कि यह प्रदेश के समग्र कृषि क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे ने भी इस योजना की तारीफ करते हुए कहा, वाटरसेट योजना से किसानों की सबसे बड़ी जरूरत को पूरा करने का काम करेगी। इस योजना से किसानों को सिंचाई के लिए पानी की कोई कमी नहीं होगी, जिससे उनकी कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। यह योजना किसानों के जीवन में बदलाव लाएगी। कार्यक्रम में बक्सवाहा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भागीरथ तिवारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पवन अहिरवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे, महिला मोर्चा अध्यक्ष मिली फट्टा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अभय फट्टा, नगर परिषद अध्यक्ष किरन सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, मलहरा मंडल अध्यक्ष विक्रम यादव, भाजपा नेता कपिल देव तिवारी, सहित अनेक गणमान्य नागरिक और शासकीय कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष देवकीनन्दन गंधर्व ने इस योजना के लाभों की जानकारी देते हुए कहा, इस योजना से ग्रामीणों में जल प्रबंधन के महत्व के प्रति जागरूकता फैलेगी। यह एक अहम कदम है, जो न केवल किसानों को फायदा पहुंचाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण को भी सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम का समापन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोती यादव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होंने इस आयोजन में पधारे सभी अतिथियों, माताओं-बहनों और जनसमूह का आभार व्यक्त किया और कहा, हम सभी मिलकर इस योजना को सफल बनाएंगे, जिससे बक्सवाहा का हर किसान समृद्ध होगा। इस शानदार आयोजन का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने किया। इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद, यह कहा जा सकता है कि वाटरसेट योजना किसानों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी और प्रदेश के कृषि क्षेत्र में नई क्रांति लाएगी।

## ग्रामीण महिलाओं को आत्म निर्माण बनाना समिति का सराहनीय प्रयास - डॉ घासीराम पटेल




**तुलसीदास सोनी**



परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। दिव्यांग कल्याण समिति ,कार्यालय खजुराहो में आरसेटी नौगांव के सहयोग से चल रहे कॉस्ट्यूम ज्वैलरी प्रशिक्षण में पहुंच कर डॉ घासीराम पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष क्षत्रिय कुर्मी समाज मध्य प्रदेश ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के इस प्रकार के कार्यक्रमों से महिलाओं को जुड़ना चाहिए और गांव गांव तक पहुंचने की पहल करना चाहिए समिति लगातार दिव्यांगजनों और महिलाओं के लिए कार्य करती है इसे बड़ा मानव सेवा का कोई और कार्य नहीं, अति सराहनीय कार्य है समिति का मै आभार व्यक्त करता हूं साथ अयोध्य प्रसाद पटेल समाजसेवी सौरा, मनीराम पटेल पूर्व सरपंच , रामकुमार पटेल शिक्षक, सिद्दार्थ पटेल,यस पटेल समिति के उपाध्यक्ष गोविंद कुशवाहा मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत विशेष शिविर आज

छतरपुर। नगरपालिका छतरपुर द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत विशेष शिविर सोमवार 20 जनवरी को प्रातः10 बजे से हनुमान जी मन्दिर के बगल में पन्ना रोड छतरपुर में आयोजित होगा। शिविर में वार्ड क्रमांक 16, 17 एवं 18 के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ एवं विभागीय योजनाओं, सेवाओं के लाभ से लाभान्वित किया जाएगा।

## संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर निबंध प्रतियोगिता की आयोजित





**सोहराव मंसूरी**

परिहार गर्जना न्यूज। नौगांव। संविधान गौरव अभियान के तहत आज भारतीय जनता पार्टी मंडल नौगांव नगर द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सभी स्कूलों के कक्षा 9 से कक्षा 12 के बच्चे सम्मिलित हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वल किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान गौतम जी ने कहा भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान के निर्माता थे वे एक महान चिंतक, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ थे।

हम सबको उनके जीवन से बहुत कुछ सीखना चाहिए मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में 207 बच्चे शामिल हुए जो बच्चे निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय आएंगे उनको पुरस्कृत किया जाएगा इस दौरान मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया,नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी सूरज देव मिश्रा, अंजुल सक्सेना, अरविंद त्रिपाठी, श्याम सुंदर अर्जरिया, वीरेंद्र पाराशर,शत्रुघ्न सिंह राय, अनिल अहिरवार, नाथूराम दुबे लव सुल्लेरे, जुगल पाठक,जितेंद्र यादव,अंजना राजपूत,मीरा सोनी,आशीष रिछारिया, विपिन आरजरिया,आशुतोष पटेरिया धीरेंद्र शिवहरे,खेमचंद साहू,मनोज साहू, राजकुमार रिछारिया,अनुज लटोरिया, पुष्पेंद्र द्विवेदी,मिलन सोनी जितेंद्र सेन,आदित्य शर्मा,गौतम पटेरिया,उमंग सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बच्चों को स्कूल न भेजने वाले अभिभावक उनके शत्रु- श्री भार्गव

## साइकिल पाकर खिल बच्चों के चेहरे



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिलगन में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव ने स्कूल पहुंचकर आनंद उत्सव एवं साइकिल वितरण कर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखी गई उनके अभिभावकों ने विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव का फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के प्रति कृत संकल्पित है दूर-दराज से आने वाले छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण निःशुल्क गणेश छात्रवृत्ति की व्यवस्था शासन करती है कोई भी छात्र अशिक्षित ना रहे जो अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं वह उनके सबसे बड़े शत्रु हैं अशिक्षा इस संसार का सबसे बड़ा अभिशाप है । विधायक श्री भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि जो छात्राएं कक्षा 12वीं पास कर कॉलेज में प्रवेश लेती हैं तो उनका शासन द्वारा ?5000 की राशि दी जाती है और जब ग्रेजुएट होकर के पोस्ट ग्रेजुएट करती हैं तो उनको ?25000 की राशि शासन के द्वारा प्रदाय की जाती है पढ़ाई में होनहार छात्रों की पढ़ाई की व्यवस्था शासन करती है अत: अभिभावकों से यह अपील की जाती है कि पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ाई से वंचित न रखें छात्राएं लड़कियां दो परिवारों का प्रतिनिधित्व करती हैं उनके लिए भी पढ़ाई बहुत आवश्यक है आज के जमाने में छात्र और छात्रों में कोई भेद नहीं है सभी बढ़-चढ़कर के समस्त कार्यों में अपनी सहभागिता निभा रही है और भारत के विकास में सहयोग कर रही हैं इस विकसित भारत की लिए समस्त नवयुवकों के लिए ही आगे बढ़कर के अपनी पढ़ाई को जारी जरूर रखना होगा और नए अध्याय लिखना होगा एवं आसपास के ग्रामों से पधारे नागरिकों ने भी श्री गोपाल भार्गव का फूल मालाओं से स्वागत कर उनका अभिवादन किया ।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह ठाकुर, ग्राम की सरपंच श्रीमती सिया बाई, श्री राजीव हजारी ने स्वागत किया रानी कुशवाहा ने भी अपने उद्बोधन में श्री गोपाल भार्गव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वादा किया कि मेरा आने वाला समय आम जनता समस्याओं को दूर करने के लिए ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य श्री शरद कुमार गौतम ने शाल श्री फल से श्री भार्गव का स्वागत किया एवं वाईस प्रिंसिपल राममिलन मिश्रा ने स्कूल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने विद्यालय में 650 छात्राओं के पढ़ने की जानकारी देते हुए विद्यालय के रिजल्ट में उत्तरोत्तर वृद्धि के बारे में जानकारी दी शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढाना की प्राचार्य श्रीमती दीपा दुबे की उपस्थिति में 23 छात्रों को हिलगन प्रांगण से ही साइकिल वितरित की गई एवं हायर सेकंडरी विद्यालय हिलगन के 100 छात्र-छात्राओं को को साइकिल वितरित की गई।

# 3 आरोपियो को गिरफ्तार कर 99 लीटर अवैध शराब एवं एक बोलेरो कार जप्त

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। दिनांक 19/01/2025 को भगवती मानव कल्याण संगठन के मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक बुलेरो कार सफेद रंग की जिसका नंबर MP 15 CA 0972 से 3 व्यक्ति सागर तरफ से अवैध शराब लेकर आ रहे है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु पाण्डव ढाबा ग्राम रगौली के पास सागर दमोह रोड पर पहुचे सागर तरफ से एक बुलेरो कार MP 15 CA 0972 आती दिखी जिसे गवाहानो एवं पुलिस स्टाफ की सहायता से घेराबंदी कर रोका गया। जिसमे तीन व्यक्ति बैठे मिले जिन लोगो ने पूंछतांछ पर अपना नाम दीपेश पिता विनय चौबे उम्र 32 वर्ष निवासी खेराना थाना रहली, हेमराज पिता रामाप्रसाद पटैल उम्र 57 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी बीना एवं सोनू पिता नवलकिशोर पटैल उम्र 48 वर्ष निवासी रविशंकर वार्ड थाना मोतीनगर के होना बताया कार की तलाशी ली गई जिसमे 13 कार्टूनो में कुल 550 पाव देशी लाल शराब कुल 99 लीटर कीमती 55000 रूपये की शराब अवैध रूप से ले जाये हुये मिले। आरोपीगणो से 99 लीटर देशी लाल शराब कीमती 55000 रूपये एवं एक बुलेरो कार क्रमांक MP 15 CA 0972 कीमती 300000 रूपये जप्त की गई।




आरोपीगणो को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 20/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यबाही में निरीक्षक भरत सिंह ठाकुर थाना प्रभारी सानौधा, उनि बालाराम छारी, सउनि शेषनारायण दुबे आर जितेंद्र और सुनील की भूमिका सराहनीय रही।

# रंगीन रोटी के माध्यम से मिले बच्चों को भरपूर पोषण

**-कलेक्टर के निर्देशद्दु एसडीएम , जनपद सीईओ करें निरीक्षण**

**-डीईओ, डीपीसी, एमडीएम प्रभारी करें बच्चों के साथ भोजन, मध्याह्न भोजन की देखें गुणवत्ता**

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। बच्चों को स्वच्छ पोषण युक्त आहार देने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने रंगीन रोटी कैंपेन शुरू की हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों में दिए जा रहे भोजन को और पोषण युक्त बनाने तथा आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से कुपोषित तथा अस्वस्थ बच्चों की सेहत में सुधार लाने के लिए बच्चों के भोजन में मुनगा के पत्तों, पालक के पत्तों, चुकंदर आदि का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इसी प्रकार रोटी एवं दाल में चुकंदर , गाजर, टमाटर आदि का उपयोग कर भोजन को विटामिन से भरपूर पोषण युक्त बनाएं।



उन्होंने एसडीएम , जनपद सीईओ को आंगनबाड़ी केंद्रों तथा विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना समन्वयक, मिड डे मील प्रभारी को निर्देशित किया है कि वे नियमित रूप से ज़िले के अलग अलग विद्यालयों में जाकर बच्चों के साथ भोजन करें तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता देखें। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि वे इस संबंध में सभी परियोजना अधिकारियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को भी निर्देशित करें और रंगीन रोटी कैंपेन के माध्यम से बच्चों की सेहत में सुधार लाएं। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में मुनगा के पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है क मुनगा के पत्ते, फली दोनों अत्यधिक पौष्टिक होते हैं जिसे दैनिक रूप से उपयोग में लाने पर बच्चों में कुपोषण , एनीमिया आदि की शिकायत दूर होती है। इससे जहां एक ओर पोषण युक्त आहार मिल रहा है वहीं दूसरी ओर रंगीन व्यंजन से बच्चों की भोजन के प्रति रुचि भी बढ़े रही है।

# निर्धन और गरीबों की मदद कर रहे धीरज सिलावट

## गरीब परिवारों की कर रहे आर्थिक मदद,ताकि वे अपने मृतकों का दाह संस्कार सही ढंग से कर पाए

**विवेक साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। गढ़ाकोटा। किसी भी धर्म के निर्धन असहाय परिवार के सदस्य के निधन होने पर समाजसेवी धीरज सिलावट द्वारा दाह संस्कार के लिए लकड़ी की राशि निशुल्क प्रदान की जाती है । गढ़ाकोटा के आजाद वार्ड निवासी समाजसेवी धीरज सिलावट ने बताया कि वह अब तक 143 लोगों को दाह संस्कार करने के लिए लकड़ी प्रदान कर चुके है उन्होंने बताया कि अन्य कार्यों में भी मदद करते है। परंतु हमारा उद्देश्य की गरीब दीन दुखियों की सहायता अलग ढंग से की जाए निर्धन गरीब जिनके पास दाह संस्कार के लिए रुपए नहीं है उन लोगों को आवश्यकता अनुसार तीन क्विंटल लकड़ी की राशि निशुल्क प्रदान करते हैं । ताकि रूपयों के अभाव में किसी गरीब को अपनों का दाह संस्कार करने में दिक्कत नहीं होगी । गरीब परिवारों की आर्थिक मदद कर रहे हैं ताकि वे अपने मृतकों का दाह संस्कार सही ढंग से कर पाए। लकड़ी या धनराशि देकर आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। श्मशान घाट में लकड़ी खरीदने में असमर्थ लोगों की मदद करने के लिए धीरज आगे आए हैं । वह अपने रजिस्टर में मृतक का नाम,दिनांक ,पता ,सहायता लेने वाले का नाम सहित हस्ताक्षर की एंट्री भी रखते है। उनके 9300422873 मोबाइल फोन पर भी संपर्क कर सकते हैं। यह नगर में उनका अनूठा कार्य है जिसकी लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।



# अहिरवार महापंचायत की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई

परिहार गर्जना न्यूज। सागर//अहिरवार महापंचायत जिला सागर की बैठक आज 19 /12/2025 दिन रविवार को विट्ठल नगर वार्ड स्थित संत शिरोमणी गुरु रविदास धाम में आयोजित की गई है, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री अनिल अहिरवार द्वारा की गई। सर्व प्रथम संत शिरोमणी गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया । समाज के वरिष्ठजनों अपने अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें विभिन्न प्रकार के मुद्दों पर चर्चा की की गई जो इस प्रकार हैं। 1. 12 फरवरी को होने वाली संत शिरोमणी गुरु रविदास जयंती समारोह पर चर्चा की जाएगी। 2. अहिरवार महापंचायत का विस्तार किया जाएगा। 3. युवक युवती परिचय सम्मेलन को लेकर पुन: विचार विमर्श किया गया। महापंचायत में नई नियुक्तियां की गई जिसमें लक्ष्मीकांत राज को अहिरवार महापंचायत का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। रामू ठेकेदार जिला प्रवक्ता नियुक्त किए गए। प्रशांत अशोक मास्टर को विधानसभा उपाध्यक्ष बनाया गया । सागर शहर के सभी चौधरी ,माते,मुखिया, बड़कुर, कोतवाल एवं समाज के वरिष्ठ प्रबुद्ध जन बैठक में उपस्थित हुए जिसमें विभिन्न प्रकार के विचार रखे गए पूर्व पार्षद द्वारा 3 मार्च को विट्ठल नगर वार्ड में रविदास मंदिर स्थापना दिवस मनाया जाए वर्तमान पार्षद द्वारा विठ्ठल नगर वार्ड में समापन किया जाए हेमंत आज़ाद द्वारा समाज को एकजुट कर शिक्षा को महत्वपूर्ण स्थान देने की बात कही अनिल अहिरवार जिला अध्यक्ष, धनसिंह, धर्मेन्द्र चौधरी, काशीराम ठेकेदार,लक्ष्मीकांत राज, डॉ कमलेश अहिरवार,मुकेश रोहित, नरेन्द्र सूर्यवंशी, रामू ठेकेदार, महेश अहिरवार, पवन लारिया, राधेश्याम ठेकेदार, मुन्ना ठेकेदार, चेतराम अहिरवार, कृष्णकुमार, रघुवीर अहिरवार, नरेन्द्र अहिरवार, मानसिंह चौधरी, विजयानंद अहिरवार, हेमराज चौधरी, शैलेंद्र अहिरवार, प्रशांत अहिरवार, धनप्रसाद अहिरवार, मुरलीधर, जगदीश अहिरवार गंगाराम अहिरवार, संदीप रैदास, सचिन पहलवान,गोलू मनोज बौद्ध, लखन अहिरवार, मूलचंद कोटवार, नंदलाल बाबू, चंदन सिंह अहिरवार, रगनाथ अहिरवार हेमंत आज़ाद, शिवचरण मास्टर, भरत मास्टर, राजेन्द्र बौद्ध सुनील अहिरवार , भगीरथ, मनोज अहिरवार, प्रीतम चौधरी आदि उपस्थित रहे

# श्रीमती सरोज राजपूत बनी जिले की पहली महिला बीजेपी जिलाध्यक्ष

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। यूं तो बुंदेलखंड की मातृ शक्ति शदियों से आगे रही है। राजनीति में अनेक महिलाओं ने बुंदेलखंड का नाम गौरवान्वित किया है। सुश्री उमा भारती जहां मध्यप्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी और अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए बुंदेलखंड और टीकमगढ़ जिले का नाम रोशन किया है, वहीं श्रीमती सरोज राजपूत को जिले की पहली महिला जिलाध्यक्ष बीजेपी नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं की सक्रियता अन्य संगठनों से कहीं अधिक है। श्रीमती राजपूत का जिलाध्यक्ष बनना महिलाओं में हर्ष का विषय बना हुआ है। बताया गया है कि श्रीमती सरोज राजपूत (एडवोकेट) के पति का नाम श्री लखन लाल राजपूत (पूर्व सचिव राज्य नीति एवं योजना आयोग (म.प्र.) है। उनका जन्म ग्राम -बनेरा पोस्ट कैलपुरा, तह. बल्देवगढ़, जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.) में हुआ और जन्म 25- जून -1966 को हुआ। उन्होंने शिक्षा : (B.A.)(LLB.) तक ग्रहण की है। उनका स्थाई पता - प्रधान डाक घर के पीछे, जेल रोड, जिला- टीकमगढ़ (म.प्र.) है।



***भारतीय जनता पार्टी में निर्वाह किये गये राजनैतिक दायित्व***

भारतीय जनता पार्टी ने उनकी सक्रियता और सेवा भावना को देखते हुए अब तक अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। श्री खरे के मुताबिक उन्हें पार्टी ने जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी टीकमगढ़ (वर्ष 1998-2004 तक), सदस्य राज महिला आयोग मध्य प्रदेश शासन राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भी बनाया। वह सदस्य जिला पंचायत टीकमगढ़ भी वर्ष 2009-2014 तक रहीं। इसी प्रकार श्रीमती सरोज राजपूत वर्ष (2009-2014) अध्यक्ष महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य रहीं हैं। नव नियुक्त बीजेपी जिलाध्यक्ष श्रीमती राजपूत सदस्य जिला योजना समिति जिला टीकमगढ़, पूर्व उपाध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड भोपाल (2010-2020), पूर्व प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा (2011-2013) का दायित्व भी संभाल चुकी हैं। इसी तरह वह पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा टीकमगढ़ वर्ष 2014 से 2016 तक रह चुकी हैं। वह इन तमाम दायित्वों के साथ ही भारतीय दूर संचार समिति सदस्य (2000-2004) रहीं हैं। उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा (2017-2020) भी बनाया गया। उन्होंने अब तक जिला मंत्री भाजपा (2008) रहीं। वह भाजपा टीकमगढ़ में वर्ष 1988 से वर्तमान में भी सक्रीय सदस्य के रूप में अनुशासित कार्यकर्ता की तरह पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने अब तक संगठन को मजबूती प्रदान की और अनेक आयोजनों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बताया गया है कि श्रीमती सरोज राजपूत पूर्व में सदस्य पुलिस शिकायत बोर्ड टीकमगढ़ (2009-2014) भी रही हैं। उनके बीजेपी जिलाध्यक्ष बनते ही बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिकों में भी खुशी देखी जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि वह आने वाले समय में जिले को एक बेहतर प्रशासन और बेहतर व्यवस्था दिलाने में अहम भूमिका का निर्वहन करेंगी।

***पुरुस्कार जो प्राप्त किये***

नव नियुक्त बीजेपी जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया। इसके लिए आपको अलग अलग मंचों पर कई बार सम्मानित भी किया गया है। यहां बता दें कि श्रीमती राजपूत को रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग पुरुस्कार वर्ष 2010 में दिया गया। इसी प्रकार उन्हें . महात्मा ज्योतिबा फुले पुरुस्कार समाज सेवा के क्षेत्र में वर्ष 2004 में दिया गया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद पुरुस्कार टीकमगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष 2004 में हासिल किया। हमारे संवाददाता सौरभ खरे उर्फ लोकेश ने बताया है कि अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित देव संस्कृति दिग्विजय अभियान द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं श्रद्धा भूषण उपाधि 1994 में और स्त्री शक्ति सम्मान पुरुस्कार महिला बाल विकास म.प्र. द्वारा वर्ष 2005 में दिया गया। श्रीमती सरोज राजपूत (एडवोकेट) को एक सफल राजनीतिज्ञ और समाजसेवी के रूप में जाना जाता है। उनके जिला अध्यक्ष बनने से निश्चित ही पार्टी को एक नई दिशा मिलेगी।

# असावधानी से होते हैं सड़क हादसे, सावधानी जरुरी, एसपी ने दिए सुरक्षा के टिप्स

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़ । पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों एवं खिलाड़ियों को ट्रैफिक नियमों का महत्व बताते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने की समझाइश दी गई। बताया गया है कि 18 जनवरी 2025 को पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों एवं खिलाड़ियों के साथ पौधा रोपण किया गया। बिभिन्न खेल प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु आवश्यक टिप्स भी दिए।



टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 18 जनवरी 2025 को पुलिस लाइन में आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों एवं विभिन्न खेल के प्रतिभागियों को ट्रैफिक नियमों की महत्वत्ता बताई एवं उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया । कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से समझाया, जिसमें पेड़ पौधों के महत्व एवं उपयोगिता की भी जानकारी दी गई। इस दौरान शहीद स्मारक प्रांगण में उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों एवं खेल प्रतिभागियों के साथ पौधा रोपण किया एवं खेल प्रतिभागियों को उनकी खेल विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु आवश्यक टिप्स भी दिए । बताया गया है कि उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम,रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल,सूबेदार उत्तम सिंह, खेल प्रशिक्षक, खेल प्रतिभागी एवं पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए ।

### अस्पताल पहुंचकर केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने-

# ठंड से बचने के लिए गरीबों को बाटे कंबल



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़।आज केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने जिला अस्पताल पहुंचकर गरीबों को सर्दी से बचाव के लिए गरम सॉल व कंबल बांटे। इस दौरान गरीबों ने उन्हें ढेरों दुआएं दीं। यह जानकारी देते हुए भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी व प्रफुल्ल द्विवेदी ने बताया कि जिला अस्पताल में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने अपने परिवार जनों का इलाज कराने आए गरीब जनों व मरीजों को इस ठंड से बचने के लिए अलग-अलग वार्डों में गरम शॉल एवं कंबल वितरण किए। उन्होंने अस्पताल में आए मरीजों से उनकी कुशलक्षेम पूंछी व डॉक्टरों से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा शासन में हमारी पहली प्राथमिकता है कि प्रति व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे। इसको लेकर आज मरीजों व उनके परिजनों से मुलाकात की। उनको ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किए गए । उनके द्वारा प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम किया जाता रहा है। शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाकर अंतिम छोर तक खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का तथा उन्हें विकास की मुख्य धारा जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, प्रतेंद्र सिंघई, मनोज देवलिया, अरविंद खटीक, मुन्ना लाल साहू, प्रफुल्ल द्विवेदी,स्वप्निल तिवारी, सचिन खटीक, पूनम अग्रवाल, विभा श्रीवास्तव,जया श्रीवास्तव, पुष्पा यादव, संध्या सोनी , मीरा खरे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले के 808 बूथों पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम का 118 वां संस्करण



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के 118 वां संस्करण में अपनी बात रखी। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी टीकमगढ़ की नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने अपने परिवार जनों के साथ मन की बात कार्यक्रम के 118 वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए संदेश को सुना। वहीं 80 नंबर बूथ पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, 77 नंबर बूथ पर नगर मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, 84 नंबर बूथ पर पूनम अग्रवाल, 89 नंबर बूथ पर विभा श्रीवास्तव , नवीन भाजपा कार्यालय में शक्ति सिंह राय तथा जिले के सभी 808 बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में बताया कि संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं, पवित्र संविधान देने वाले संविधान सभा के सभी व्यक्तित्वों को नमन करता हूं। उन्होंने कहा चुनाव आयोग का धन्यवाद है, जो उन्होंने मतदान प्रक्रिया व निष्पक्ष चुनाव प्रणाली को मजबूत करने का कार्य किया। अनेक मंदिरों की परंपरा कुंभ के साथ जुड़ी हुई है, आज बड़ी संख्या में कुंभ में युवाओं की भागीदारी से मालूम होता है कि जब युवा शक्ति गर्व के साथ सभ्यता से जुड़ जाते हैं, तो उसकी जड़ें और भी ज्यादा मजबूत हो जाती है। आज निजी स्पेस टेक्नोलॉजी में बढ़ती सफलता आधुनिक टेक्नोलॉजी व आत्मनिर्भर भारत की ओर बड़ा कदम है। असम में गांवों द्वारा हाथी बंधु टीम बनाकर बड़े भूभाग में नेपियर घास उगाकर हाथियों के भोजन का इंतजाम किया व किसानों की खेत फसलों को बचाया। हमारी भारतीय संस्कृति व विरासत हमेशा पशु पक्षियों के साथ प्यार से रहना सिखाती है। हमारे देश की कोने में भी कोई व्यक्ति समाज के लिए बेहतरीन कार्य कर रहा होता है तो यह मन की बात कार्यक्रम उसको आगे लाने का एक बेहतरीन मंच हैं।

# अमानगंज थाना अन्तर्गत भीषण सड़क हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से कार मे सवार तीन लोगो की मौत, दो गंभीर

## पाल परिवार तेलगांना से झांसी आ रहा था वापिस






**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के अमानगंज थाना अन्तर्गत 19 जनवरी को लगभग 4 बजे सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें किसी अज्ञात वाहन द्वारा बेगनआर कार को बुरी तरह टक्कर मार दी, जिसमें सवार पांच लोगो में दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, तथा तीन लोगो को जिला चिकित्सालय बुरी तरह टक्कर मार दी, जिसमें सवार पांच लोगो में दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, तथा तीन लोगो को जिला चिकित्सालय लाया गया जिसमें एक की ईलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार झांसी निवासी पाल परिवार तेलगांना में अपना व्यवसाय करता था, तथा सारे परिवार के साथ वहीं पर रहता था, जिसमें चन्द्रशेखर पाल की शादी आगामी 6 फरवरी को है जिसको लेकर व्यवस्था बनाने के लिए उक्त परिवार तेलगांना से अपनी बेगनआर कार क्रमांक ऐपी 31 सीजी 6968 पर सवार हो कर 18 जनवरी को चले थे, जिसमें सवार अनिल पाल, चन्द्रशेखर पाल, मानवी पाल, सुनिता पाल तथा छोटू पाल सवार थें। उक्त लोग कटनी से होते हुए अमानगंज के पास इटोरी मोड़ पर किसी अज्ञात बड़े वाहन की टक्कर से दुर्घटना ग्रस्त हुए सामने की टक्कर जोरदार होने के चलते कार मे सवार अनिल पाल भतिजा चन्द्रशेखर पाल, पुत्री मानवी पाल, की मौत हो गई, तथा अनिल पाल की पत्नी सुनीता पाल तथा पुत्र छोटू पाल बहुत ही गंभीर हालत मे है जो की पन्ना जिला चिकित्सालय में ईलाज चल रहा है। ज्ञात हो कि घटना की जानकारी अमानगंज पुलिस को लगने पर घायल तथा म्रतको को 108 वाहन से अमानगंज लाया गया था, जिसमें दो लोगो की मौत हो गई थी, उनका पोस्ट मार्टम अमानगंज मे ही कराया गया, तथा तीन लोगो को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया था, जिसमें जिला चिकित्सालय में चन्द्रशेख की मौत हो गई, तथा सुनीता एवं छोटू का ईलाज चल रहा है, घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनो को दी, परिजन भी पन्ना पंहुच गये तथा पोस्ट मार्टम कराकर शव परिजनो को सौप दिये गये, एवं घायलो को परिजनो ने अन्य अस्पताल मे ईलाज कराने के लिए ले गये है, उक्त घटना से पन्ना जिले में भी शोक का माहोल कायम है।

# अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में यातायात जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है, तथा आम लोगो के साथ साथ छात्र छात्राओं, युवाओं को भी यातायात नियमो से अवगत कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकें। थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार के द्वारा अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास पन्ना में छात्राओं को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो को ट्राफिक सिग्नल, ड्रायवर द्वारा इण्डिकेटर या हाथ से दिए जाने वाले सिग्नल, ट्राफिक पुलिस द्वारा दिए जाने वाले सिग्नल, चौराहो पर लगे इलेक्ट्रानिक सिग्नल उनके मीनिग के विषय में बताया गया। रोड साईन (आदेशात्मक, चेतावनी एवं सूचनात्मक) सड़क चिन्हों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को रोड मार्किंग के विषय में बताया गया सड़क दुर्घटनाओं की वर्तमान स्थिति एवं कारणों के विषय में बताया गया। वाहन दुर्घटना तेजगति गति, नशे की हालत में वाहन चालन, ब्रेकिंग डिस्टेन्स न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाना, ओवरलोडिंग वाहन एवं खराब सड़के रोड एक्सीडेन्ट के लिए जिम्मेदार है। इनसे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चलाने, हेलमेट, सीटबेल्ट जैसे इक्युमेण्ट का उपयोग करना चाहिए। बच्चो को इमरजेंसी केयर के विषय में भी बताया गया। सड़क दुर्घटना में पीडित व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुचाना चाहिए ताकि उसकी जान बच सके बच्चो को गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) के बारे में भी अवगत कराया गया। इस दौरान श्रीमती लक्षकार नें बताया कि दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को यदि कोई जिला अस्पताल या स्वास्थ केन्द्र भेजता है तो उसे शासन की ओर से पांच हजार रूपये का ईनाम भी दिये जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक आर के सतनामी, छात्रावास अधीक्षक यातायात विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।



# जबलपुर नें बालाघाट की टीम को हराया

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के छत्रसाल स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ द्वारा 19 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट कप का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया तत्पश्चात् टीम के खिलाड़ीयो का अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। पहला मैच बालाघाट तथा जबलपुर की टीम तथा जबलपुर की टीम के बीच खेला गया, जिसमें जबलपुर की टीम ने एक गोल से बालाघाट की टीम को हराया है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पांडे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, जिला फुटबाल संघ के सभी पदाधिकारी कलेक्टर पन्ना पुलिस अधीक्षक पन्ना जेके सीमेंट के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल एवं एनएमडीसी के महाप्रबंधक श्रीधर कोडाली, फुटबाल संघ के पूर्व अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय, सुरेन्द्र सिंह परमार, एसडीओपी तथा जिला खेल अधिकारी एस पी सिंह बघेल, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अमानगंज घाटी में अनियंत्रित हो कर बस पल्टी दो दर्जन घायल

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/अमानगंज से गुड़गांव चलने वाली बस सवारीयों से भरी हुई, पन्ना की मझपहरा घाटी में पलट गई, जिसमें सवार दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गयें है, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के द्वारा 108 एवं अन्य वाहनो से घायलो को जिला चिकित्सालय भेजा गया है, जहां पर सभी का ईलाज किया जा रहा है, जिला चिकित्सालय में समय पर डॉक्टर न पंहुचने से घायल एवं पीड़ितो के बीच अफरा तफरी का माहोल देखा गया। फिलहाल ईलाज किया जा रहा है। ज्ञात हो कि प्रतिदिन अमानगंज से गुड़गांव के लिए अवैध रूप से टूरिस्ट परमिट के नाम से बसो का संचालन किया जाता है, जो बस संचालक पन्ना जिले से महानगरो के लिए मजदूरी करने वाले मजदूरो को ले जाते है, तथा छमता से अधिक सवारीयों को भरते है, और उनसे मनमाना किराया भी वसूल करते हैं।



# ग्राम पंचायत दिया में स्वामित्व योजना के तहत पट्टे किये गये वितरित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा घोषणा की गई थी, कि जो लोग अपनी पैत्रिक जमीन पर मकान बनाये हुए है, तथा उक्त जमीन के उनके पास पट्टे नही है उन सभी लोगो को ग्राम पंचायत, नगर पालिका तथा राजस्व विभाग के संयुक्त रूप से सर्वे करके पट्टे कार्ड बनाकर वितरित किये जायेगें। जिससे लोगो को असुविधा न हों, इसी के तहत दिनांक 19 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा वर्चुअल वीडियो कान्फैसिंग के माध्यम से लोगो को संबोधित किया तथा पट्टे वितरित किये गये। इसी कड़ी मे पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि लोधी की उपस्थिती में स्वायित्व भूमि योजना के पट्टे वितरित किये गयें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत दिया के सरपंच शासन की योजनाओं को लोगो तक पंहुचाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहते है तथा उनके द्वारा आम जनता की समस्याओं का भी निराकरण तत्कला किया जाता है।



# माता पिता की आज्ञा का पालन करने वाली संतान सबसे बड़ी भाग्यशाली हैः-प्रभा शंकर जी महराज

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/स्थानीय भोलेनाथ जी मंदिर में विगत पन्द्रह जनवरी से राम कथा प्रतिदिन अनवरत चल रही है, जिसमें कथा वाचक पंडित प्रभाशंकर शास्त्री जी महराज द्वारा मर्यादा पुरषोत्तम भगवान राम की कथाओ का बड़े ही मार्मिक ढंग से वर्णन किया जा रहा है। जिसे सुनकर दर्शक श्रोता भाव विभोर हो रहें है। पांचवे दिन 19 जनवरी को उन्होने भगवान राम के राज अभीषेक तथा वन गमन की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाते हुए कहा कि इंसान का भाग्य पल भर में कैसा बदल जाये यह कहना मुश्किल होता है, सारी खुशी एक पल में मातम मे बदल जाती है, एवं जो भाग्य में लिखा है, वहीं हो कर रहता है, भाग्य के लिखे तथा कर्मो के प्रभाव को कोई बदल नहीं सकता हैं, भाग्य के लिखे को स्वंय भगवान भी नही बदल सकें एक तरफ भगवान राम की अभीषेक की तैयारी चल रही थी लेकिन पल भर मे ही उन्हे वनवास का आदेश मिल गया। उन्होने कहा कि इस संसार में धन वैभव पत्नी, बच्चे, मकान खजाना, के लिए लोग परेशान रहते है, लेकिन मनुष्य को भगवान की आराधाना के लिए सच्चे मन से छह मिनट का भी समय नहीं है, जबकी सच्चे मन से छह मिनट भगवान का स्मरण करने से करोड़ो पाप कट जाते है, मनुष्य को सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहीए, क्योकि सत्य ही राम है, और राम ही सत्य है, उन्होन आंगे बताया कि अपनो से बड़ो का हमेशा सम्मान करना चाहीए, जिस प्रकार भगवान राम नें मंत्री सुमंत का सम्मान पिता की तरह किया। इस संसार में मानवता ही सबसे बड़ा आचरण है, मानवता से ही यह संसार चल रहा है। उन्होने आंगे बताया कि जब महराज दशरथ नें राम को वन जाने के लिए बुलाया, तो वह कुछ भी नहीं कह पा रहे थें, क्योकि उन्होने महारानी कैकई के मांगे गये वरदान दे दिये थें, लेकिन वह राम को ही वनवास नहीं भेजना चाहते थें, परन्तु भगवान राम नें कहा कि पिता जो भी कहेगें हम पूरा करेगें तथा उन्होने कहा कि वह संतान किस काम की जो अपने पिता की संकट को न मिटा सकें। संसार मे वहीं संतान भाग्यशाली है, जो अपने माता पिता की आज्ञा का पालन करती है। इस प्रकार से कथा वाचक प्रभा शंकर जी महराज ने भगवान राम के वनवास सहित पिता एवं माता, भाई के प्रेम सहित अन्य प्रकार से संसार में भगवान की कथाओं का वर्णन किया।



# कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले में वाटर ऑडिट और वाटर मैपिंग कराई जायेगी

## अतिरिक्त सामग्री की आवश्यकता को देखते हुये राज्य शासन को लिखा पत्र

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 19 जनवरी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है पेयजल संकट के संबंध में दो मोर्चों पर अलग-अलग काम किये जा रहे हैं। पहला काम वाटर ऑडिट और वाटर मैपिंग कराने का किया जा रहा हैं, जिसमें 2047 तक दमोह जिले की खेती के लिए, सिंचाई के लिए, पीने के लिए, पानी की और अन्य उपयोगों के लिए कितने पानी की आवश्यकता होगी। 2047 तक दमोह जिले की जनसंख्या कितनी हो जाएगी, उसके लिए कितना पानी आवश्यक होगा और आज हमारे पास कितना अवेलेबल है, इन दोनों के बीच का अंतर निकाला जायेगा और यह वाटर ऑडिट से निकलता है, तो इससे यह समझ में आएगा कि 2047 तक जनता को पानी देने के लिए कितने और पानी की जरूरत होगी। इससे हमें यह क्लियर हो जायेगा कि अब कितने और जल संरक्षण और संवर्धन के काम करने हैं, एक यह काम किया जा रहा हैं।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा दूसरा काम यह किया जा रहा है कि पिछले साल जहाँ-जहाँ से जल संकट की स्थितियां उत्पन्न होने की बात सामने आई थी, उन सब जगहों पर जल संवर्धन के कौन कौन से काम तालाब गहरीकरण से लेकर अन्य काम कौन कौन से लिए जा सकते है, उसकी प्लानिंग अभी से की जा रही है, ताकि गर्मियों में दिक्कतें बिल्कुल ना हो। तीसरा बड़ा काम जो शुरू कर दिया गया है वह है हैंड पंप की मैपिंग का काम, इसमें सबसे पहले हमारे दलों का गांव में जाना शुरू हो गया है और वह दल यह देख रहे हैं की गांव में टोटल कितने हैंड पंप हैं, उनमें से कितने हैंड पंप पूरी तरह से चालू हैं, जो चालू है उनमें से कितने हैंड पंप ऐसे हैं, जो अभी तो चालू है, लेकिन गर्मियों में बंद हो जाएंगे, इसके अलावा कौन से हैंड पंप ऐसे हैं, जो पूरी गर्मी साथ दे जाएंगे, इसके बाद ऐसे हैंड पंप जो की अस्थाई रूप से खराब है, यानी की जिसमें मोटर नहीं है या पाइप नहीं है, इसके कारण वह नहीं



चल रहा है लेकिन पानी उनमें पर्याप्त है।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अगली कैटेगरी यह है की कौन से हैंडपंप ऐसे हैं जो की स्थाई रूप से पूरी तरह से खराब है, बंद हो चुके हैं। इसके बाद एक कैटेगरी और बनाई है की कौन से हैंडपंप ऐसे हैं जो अतिक्रमण के क्षेत्र में आ गए हैं या किसी ने उनके ऊपर कब्जा कर लिया है या किसी ने पर्सनल प्रॉपर्टी की तरह उसको यूज़ करना शुरू कर दिया, तो यह पूरी एक मैपिंग की जा रही हैं, इससे यह समझ में आएगा की कितने हैंड पंप ऐसे हैं जो खास तौर से अस्थाई रूप से खराब है। एक कैटेगरी और बनाई गई है की कितने हैंड पंप ऐसे हैं जिनमें पानी तो आ रहा है लेकिन पानी खराब है, जिसमें फास्फोरस या दूसरे खनिजों की मात्रा ज्यादा है, जिससे की लोगों को रोग हो सकते हैं। इस तरह के हैंड पंपों की अलग अलग कैटेगरी में सर्वे कराये जा रहे हैं और एक-एक हैंड पंप की मैपिंग की जा रही हैं।

उन्होंने कहा इन हैंड पंपों को अलग-अलग चार प्रकार के कलर से कोडिंग की जा रही है। यदि कोई हैंड पंप बिलकुल खराब है तो उसको लाल रंग का कोड, कोई हैंड पंप अच्छा है तो उसको हरे रंग का कोड है, कोई हैंड पंप अस्थाई रूप से खराब है तो उसको पीले रंग का कोड है। एक हैंडपंप वह है जिसका पानी पीने योग्य नहीं उसको काले रंग का कलर, इस तरह के चारों कलर कोडिंग के काम शुरू हो गए हैं और लगातार यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा यह टारगेट रहेगा की फरवरी महीने में ऐसे सारे अस्थाई रूप से खराब हैंडपंपों को जिंदा कर सकें, जिसमें की मोटर लगनी है, पाइप लगना है, इसकी प्लानिंग पूरी कर दी गई है और इसके लिए सामग्री का जुटाव करने का काम भी शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा राज्य शासन को एक चिट्ठी भी लिख दी गई है की जहाँ पर अतिरिक्त सामग्री की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा होता यह है की हम सीधे मई माह में सामग्री मांगते है, जब सभी जिले मांगने लगते है, तो इसलिए हम पहले से इसका स्टॉक करके रख रहे है, ताकि फरवरी माह में जो यह अस्थाई रूप से बंद हैंड पंप है वो चालू हो जाए, तो इससे अच्छे होने वाले हैंड पंपों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ जाएगी और एक काम कहाँ-कहाँ पर हैंड पंप खराब है या पानी का कोई और स्त्रोत नहीं है तो वहाँ पर दिखवा रहे हैं कि यहाँ पर भूजल स्तर कैसा है। यदि वहाँ पर कम गहराई में पानी उपलब्ध है तो वहाँ पर नए हैंड पंप स्थापित करने की कार्रवाई भी की जायेगी।

उन्होंने कहा हमारा टारगेट है कि इस बार बहुत कम जगह है, ऐसी बचना चाहिए, ना के बराबर बचना चाहिए, जहाँ पर हैंड पंप के कारण पानी का संकट हो या फिर हैंड पंप नहीं होने के कारण पेयजल परिवहन की स्थिति बने।

# खिमलासा रोड पर हाईटेंशन लाइन से एक पिलर का काम रुकाः खिमलासा रोड पर बन रहा है ओवरब्रिज टावर की ऊंचाई बढ़ाने का काम हुआ शुरू



**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/खिमलासा रोड पर हाईटेंशन लाइन से एक पिलर का काम रुका, खिमलासा रोड पर बन रहा है ओवरब्रिज टावर की ऊंचाई बढ़ाने का काम हुआ शुरू।मिली जानकारी के मुताबिक खिमलासा रोड पर ओवरब्रिज बनाने का काम चल रहा है। लेकिन नए बस स्टैंड के पास से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइन की कम ऊंचाई के कारण एक जरूरी पिलर बनाने का काम रूका हुआ है। इस समस्या के समाधान के लिए ट्रांसमिशन कंपनी सड़क किनारे एक नए टावर निर्माण का काम शुरू किया है।

कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, टावर का फाउंडेशन कार्य प्रगति पर है। आने वाले कुछ दिनों में टावर का निर्माण पूरा होने की संभावना है। जिसके बाद हाईटेंशन लाइन की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी, जिससे पिलर निर्माण सुचारू रूप से आगे बढ़ सकेगा।

***इनका कहना है***

इस एक पिलर को छोड़कर ओवरब्रिज के अन्य सभी पिलर का काम पूरा हो चुका है। परियोजना का बचा हुआ काम प्रगति पर है। हालांकि, रेलवे क्षेत्र में गेट के दोनों तरफ बनने वाले पिलरों का कार्य अभी शुरू नहीं हो पाया है।

**लोक निर्माण विभाग ( पीडब्ल्यूडी )**

# एसडीएम तेंदूखेड़ा श्री गंधर्व ने तहसील जबेरा के दूरस्थ अंचलो के 03 ग्रामों के 142 बच्चों को ठंड से बचने हेतु स्वेटर किये वितरित

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 19 जनवरी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में दमोह हेल्पलाइन न केवल शिकायतों के निराकरण में कार्य कर रही है बल्कि वंचित और जरूरतमंद लोगों की जरूरतें भी पूरी कराने का प्रयास करती है। कुछ दिन पहले सूचनादाता राहुल श्रीवास्तव (स्थानीय निवासी) के द्वारा दमोह हेल्पलाइन पर सूचना दी थी कि जिले की सीमा पर बसे 3 गांवों के स्कूली बच्चों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर्स नहीं हैं। उनकी सूचना को दमोह हेल्पलाइन द्वारा कुछ समाज सेवकों, संकट के साथियों और वरिष्ठ अधिकारियों तक भेजा गया। सूचना के आधार पर तेंदूखेड़ा एस डी एम द्वारा सभी जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर्स वितरित कर दी गई हैं।



एसडीएम तेंदूखेड़ा सौरभ गंधर्व ने तहसील जबेरा के दूरस्थ अंचल एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला देवतरा के 31 बच्चों, आंगनबाड़ी केंद्र देवतरा के 15 बच्चों, एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला बोदा मानगढ़ के 24 बच्चों, आंगनबाड़ी केंद्र बोदा मानगढ़ के 20 बच्चों, शासकीय प्राथमिक शाला झादा मानगढ़ के 20 बच्चों, आंगनबाड़ी केंद्र के 32 बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किये। उन्होंने 03 ग्राम के 142 बच्चों को ठंड से बचने हेतु स्वेटर वितरित की।

इस दौरान एसडीएम श्री गन्धर्व ने बच्चों से संवाद करते हुए खूब मन लगाकर पढ़ने और अच्छा काम करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, आर आई सिग्रामपुर अमरजीत मिश्रा, पटवारी चंद्रमोहन शर्मा, पटवारी सोनेलाल गौंड, पटवारी रितु मेश्राम, रीडर गुलशन कुमार, राहुल श्रीवास्तव सहित सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थित थे।

# शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, दमोह में दक्ष पहल के अंतर्गत नगर पालिका अधिकारी श्री शर्मा ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 19 जनवरी । शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, दमोह में दक्ष पहल (तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा संचालित) के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा ने महाविद्यालय का दौरा कर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र-छात्राओं को नगर पालिका के विभिन्न विकास कार्यों से जुड़ने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का आमंत्रण दिया। सीएमओ श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY), शहर की जल निकासी प्रणाली, कचरा प्रबंधन और नगर पालिका के अन्य विकास कार्यों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को दमोह शहर को और बेहतर बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और इसे उनके लिए एक सुनहरा अवसर बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य टी.के. श्रीवास्तव ने छात्रों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और कौशल को निखारने में सहायक होंगे। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष रोहित यादव ने सीएमओ श्री शर्मा का धन्यवाद करते हुए छात्रों को नगर पालिका के साथ कार्य करने की इस पहल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर (टीपीओ) एवं दक्ष पहल के प्रभारी सिद्धार्थ ने भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि यह कदम छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे वे अपने तकनीकी कौशल को और अधिक प्रभावी बना सकेंगे। कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और इसे अपने करियर विकास के लिए प्रेरणादायक अनुभव बताया। दक्ष पहल के तहत इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के कौशल विकास और शहर के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# दीक्षोत्सव: मथुरा में स्थापित हुआ था देश का पहला पशु चिकित्सा महाविद्यालय

## -1947 में पशु चिकित्सा विज्ञान में शिक्षा एवं शोध के लिए की गई थी स्थापना
## -संस्था का मनाया गया 77 वां स्थापना दिवस

आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान में पशु चिकित्सा महाविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। चार जनवरी से तीन फरवरी तक चलने वाले दीक्षोत्सव माह के अंतर्गत, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय का स्थापना दिवस विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया कि मथुरा पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना 16 जनवरी 1947 में पशु चिकित्सा विज्ञान में शिक्षा एवं शोध के लिए की गई थी। यह देश का पहला पशु चिकित्सा महाविद्यालय था, जिसने पशु चिकित्सा विज्ञान में डिग्री कार्यक्रम शुरू किया और पशु चिकित्सा स्नातक की डिग्री प्रदान की तथा वर्ष 1951 में भारत में पहली बार पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान के कई विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम प्रारंभ करने का गौरव भी इस महाविद्यालय को प्राप्त है। पशुओं के उत्तम रखरखाव, स्वास्थ्य तथा उत्तम उत्पादकता प्राप्त करने के लिए पशुधन का उन्नत किस्म तथा स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए पशु चिकित्सा विशेषज्ञ का होना अत्यंत आवश्यक है। मथुरा पशु चिकित्सा महाविद्यालय पिछले 77 सालों से लगातार पशु चिकित्सा विशेषज्ञ तैयार कर प्रदेश तथा देश को समर्पित करता आ रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के कुलपति, प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह नाम बताया कि मथुरा पशु चिकित्सा महाविद्यालय का स्वर्णिम इतिहास है। यहां के स्नातक तथा परास्नातको ने देश के विभिन्न संस्थानों में गरिमामय पदों को सुशोभित कर, इस महाविद्यालय का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने बताया कि पशु पालकों को अच्छा उत्पादन एवं अच्छा आर्थिक लाभ हेतु प्रेरित करना पशु चिकित्सा विशेषज्ञों का महत्व पूर्ण दायित्व है। पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के स्थापना दिवस आयोजन के समन्वयक, अधिष्ठाता, प्रोफेसर, विकास पाठक ने आगंतुकों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए बताया कि यह महाविद्यालय स्थापना के समय से लगातार पशु चिकित्सा एवं पशुपालन स्नातकों को शिक्षण, शोध तथा प्रसार का उत्कृष्ट ज्ञान प्रदान करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे पशु चिकित्सा विषय पर कविता लेखन, स्केच, कोलाज, पोस्टर बनाना, क्विज, निबंध लिखना, गुलदस्ता बनाना तथा रंगोली की प्रतियोगिता आयोजित की गई। विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक शोध, प्रोफ़ेसर विनोद कुमार; निदेशक प्रसार प्रोफेसर अतुल सक्सेना; अधिष्ठाता, परास्नातक, प्रोफेसर अर्चना पाठक; कुलसचिव प्रोफेसर अरुण कुमार मदान, डॉ. नित्यानंद पांडे, अधिष्ठाता, मत्स्यिकी महाविद्यालय; प्रोफेसर रश्मि सिंह अधिष्ठाता, डेरी विज्ञान महाविद्यालय प्रोफेसर आरपी पांडे, अधिष्ठाता, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय; निर्देशक, डिप्लोमा, प्रोफेसर सरजीत यादव; प्रोफेसर दीपक शर्मा; प्रोफेसर विजय पांडे; प्रोफेसर संजय पुरोहित; प्रोफेसर अतुल प्रकाश; प्रोफेसर बृजेश यादव; प्रोफेसर अमित सिंह; प्रोफेसर लक्ष्मी प्रसाद सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।




# अति आनंद उमगी अनुरागा, चरण सरोज पखारन लागा

## -श्रीराम केवट संवाद देख दर्शक हो उठे भाव विभोर
## -राम लीला में केवट ने चरण में पखार राम को उतारा गंगा पार
## -रामानंद आश्रम में रामानंदचार्य जयंती महोत्सव शुरू

परिहार गर्जना न्यूज। गोवर्धन। कस्बे के आन्यौर परिक्रमा मार्ग स्थित रामानंद आश्रम में रामानंदाचार्य जयंती महोत्सव में आयोजित रामलीला में राम केवट संवाद का सुंदर मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए।

रामलीला में पधारे पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, पूर्व चेयरमैन पं. खेमचंद शर्मा, विहिप प्रांत सह मंत्री मुकेश शुक्ला, जिलामंत्री योगेश गौतम का महंत राम अनुग्रह दास महाराज ने अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।आयोजन में राम, लक्ष्मण, सीता वनवास के दौरान श्रृंगवेरपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन सुबह निषाद राज केवट से गंगा पार कराने के लिए कहते हैं लेकिन केवट बिना चरण धुले प्रभु को नाव में चढ़ाने को तैयार नहीं होता। राम नदी के तट पर भाई लक्ष्मण, पत्नी सीता के साथ खड़े हैं। राम की आज्ञा पाकर केवट घर से कठौता ले करके आया और अति आनंद उमगी अनुरागा, चरण सरोज पखारन लागा। उसके भक्ति से खुश होकर देवलोक से पुष्पों की वर्षा होने लगती है। उधर केवट राम की चरणों को पखारकर अपने पितरों को तार देता है। राम गंगा पार होने के बाद केवट को नाव खेवाई देते है तो केवट कहता है कि अब कछु नाथ न चाहिए। मल्लाह खेवाई नहीं लेता है। मैंने आपको गंगा पार कराया। जब में आपके धाम आऊंगा तो मुझे आप भवसागर से पार कर दीजिएगा। इतना सुनने के बाद राम ने केवट को अविरल भक्ति का वरदान देकर बन प्रदेश के लिए प्रस्थान कर देते हैं। लीला को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए।



# गायों को न लगे सर्दी, गोशालाओं में जलेंगे अलावा

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा गोशालाओं में रहे रहे गोवंश को सर्दी से बचाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। अब गोशालाओं में अलाव जालने की व्यवस्था की गई है। रात को शहर से देहात तक गोशालाओं का निरीक्षण करने के लिए अधिकारी पहुंचे। इस दौरान रैन बसेरों की भी टोह ली गई। नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह के आदेश के बाद एसडीएम और तहसीलदार ने अपने अपने क्षेत्र में रैन बसेरा और गौशाला का निरीक्षण किया। खुद जिलाधिकारी सीपी सिंह ने शनिवार रात्रि 11 बजे तक मथुरा वृंदावन क्षेत्र में बने गौशाला और रेन बसेरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छाता मांट मथुरा गोवर्धन के उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अपने अपने क्षेत्र में गौशाला और रेन बसेरा की स्थिति को जाकर देखें।



# खजुराहो देशज समारोह में हुई बघेलखंड, बुंदेलखंड जनपद के लोकगीतो एवं सैला/रीना जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति






परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित 'आदिवर्त' जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय- खजुराहो में प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को नृत्य, नाट्य, गायन एवं वादन पर केन्द्रित समारोह 'देशज' का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में रविवार 19 जनवरी , 2025 को सायं 05.00 सुश्री इशिका पाण्डेय एवं साथी रीवा द्वारा बघेली लोक गीतों की प्रस्तुति दी। गतिविधि की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं कलाकारों के स्वागत से की गई। दीप प्रज्वलन एवं कलाकारों का स्वागत रमाकांत चतुर्वेदी (दैनिक भास्कर न्यूज़ एडीटर) एवं मनोज शर्मा द्वारा किया गया। इसीक्रम मे अगली प्रस्तुति श्री नंदकुमार एवं साथी अनुपपुर द्वारा सैला/रीना जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति दी। सैला नृत्य शरद ऋतु की चाँदनी रातों में किया जाता है। हाथों में लगभग सवा हाथ के डंडे के कारण इसका नाम सैला पड़ा। आदिदेव को प्रसन्न करने के लिए सैला नृत्य का प्रचलन है। वर्षा को छोड़कर प्रायः सभी ऋतुओं में गोंड आदिवासी नृत्य करते हैं। यह नृत्य जीवन की व्यापक गतिविधि के बीच विकसित होता है, यही कारण है कि करमा गीतों में बहुत विविधता है। वे किसी एक भाव या स्थिति के गीत नहीं है उसमें रोजमर्रा की जीवन स्थितियों के साथ ही प्रेम का गहरा सूक्ष्म भाव भी अभिव्यक्त हो सकता है। अंतिम प्रस्तुती बद्री प्रसाद एवं साथी दमोह , द्वारा बुन्देली लोकगीत की प्रस्तुति दी गई।

गतिविधि अन्तर्गत दिनांक 25 जनवरी 2025 को रमेश प्रसाद, खैरी, हरप्रसाद सेन , अमरपुरा, दिनेश सोनी, बमीठा , मुकेश वर्मा, छतरपुर, सुश्री तीजाबाई अहिरवार, बमीठा द्वारा बुन्देली लोकगीतों की प्रस्तुति दी जायेगी।

# उद्योगपति ने एम वाय हॉस्पिटल में जन्म दिन मनाया

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा संस्था सेवा समर्पण श्री बालाजी वेलफेयर सोसायटी विगत 15 वर्षो से माह के प्रथम व तृतीय रविवार को एम वाय संस्था द्वारा हॉस्पिटल में मरीज व उनके परिजनों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन करती हे। की व्यवस्था हे। रविवार 19 जनवरी को शहर के उद्योगपति श्री हरीश विजयवर्गीय ने हॉस्पिटल में मरीज व उनके परिजनों को भोजन प्रसादी करा कर अपना जन्म दिन मनाया । भोजन प्रसादी स्टील की थाली में ससम्मान बिठाकर कर कराई जाती हे। साथ ही जच्चा वार्ड में लगभग दो सो शुद्ध घी से निर्मित हलवे की एयर टाइट कटोरी एवं मखाने संस्था की महिला मंडल द्वारा वार्ड वार्ड में जाकर वितरित किए जाते हे। इस अवसर पर राखी हरीश विजयवर्गीय ,पवन खंडेलवाल पूजा खंडेलवाल शादी की सालगिरह मनाई ।उपस्थित महेंद्र यादव ,दीदार सिंह सिद्धू ,वरिष्ठ पत्रकार जय सिंह रघुवंशी अवधेश शुक्ला ,संजय लुल्ला ,दीपक बियानी , कादर भाई मदनी ,नितिन विजय ,जीतू मीणा ,हंसराज छाबड़ा ,ऋतिक रघुवंशी ,विवेक कुशवाह दीपक कुशवाह ,वैभव सोलंकी ,पुनीत बाधवानी,निर्मला जाधव जिया बाधवानी ,संतोष सिकरवार द्वारा शुभकामनाएं दी गई संस्था के राजेश विजयवर्गीय ने बताया कि पुष्पमाला पहनाकर केक भी काटा गया एवं छोटे छोटे बच्चों में वितरित किया गया।



# तीन दिवसीय गहोई महोत्सव शुरू

## भव्य शोभायात्रा निकली, दो कन्याओं के कराये गये विवाह, सहभोज सम्पन्न



***छतरपुर। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गहोई समाज द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ रविवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। सुबह करीब 10 बजे शहर के बुन्देलखण्ड गैरेज से प्रारंभ हुई शोभायात्रा शहर भ्रमण करते हुए गहोई धाम पहुंची, जहां मंचीय कार्यक्रम के उपरांत सहभोज कार्यक्रम हुआ। वहीं शाम को समाज की दो बेटियों का विवाह कराया गया।***

गहोई समाज के मीडिया प्रभारी रोहित गुप्ता लाला ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव के तहत प्रथम दिन शोभायात्रा, सहभोज और समाज के दो परिवारों की कन्याओं के विवाह कराए गए हैं। कार्यक्रम के अगले में चरण में 20 और 21 जनवरी को बच्चों और महिलाओं की प्रतियोगिताएं होंगी। अंतिम दिन की शाम को सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। शोभायात्रा में गहोई समाज के तमाम महिला-पुरुष, युवा, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू बिलैया और उपाध्यक्ष रश्मि रूसिया के नेतृत्व में समाज की महिलाओं द्वारा बढ़-चढ़कर सहभागिता की गई। सभी लोग डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों की धुन पर थिरकते हुए निकले। शोभायात्रा में शामिल गहोई समाज के आराध्य लड्डू गोपाल भगवान की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा के बाद मंचीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वंदना-राजकुमार पिपरसानियां मुंबई, उपाध्यक्ष अखिल भारतीय गहोई महासभा शामिल हुईं, जबकि अध्यक्षता मुंबई के वरिष्ठ समाजसेवी अशोक नगरिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभा-अशोक नगरिया समाजसेवी, मुंबई, अनिल खरया, पूर्व अध्यक्ष गहोई वैश्य समाज, इंदौर, संदीप सरावगी समाजसेवी झांसी, डॉ. राजीव खंताल ग्वालियर और मुकेश बिलैया सचिव गहोई वैश्य समाज इंदौर उपस्थित रहे। मंचीय कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शोभायात्रा में नगर गहोई समाज के अध्यक्ष प्रेमनारायण रूसिया, राजेन्द्र नीखरा, प्रवीण गुप्ता, बबलू सरावगी, राजेन्द्र खरया, एचडी कुचया, सोनू कुचया, दुर्गेश गुप्ता, जमुना प्रसाद खरया, बृजमोहन रावत, सूरजपाल चउदा, बद्रीप्रसाद बेहरे, राजेश पंसारी, राजेश सरावगी, महिला मण्डल से रश्मि रूसिया, कल्पना रावत, प्रिया रावत, गहोई महिला मण्डल, गहोई नवयुवक मण्डल, गहोई यूथ क्लब छतरपुर सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

# नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा से भेंट कर आभार व्यक्त किया



सागर। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एक दिवसीय प्रवास पर भोपाल पहुँचे! भोपाल प्रवास के दौरान जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा से भेंट कर आभार व्यक्त किया एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। भेंटवार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश संगठन मंत्री ने जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दी! इस दौरान प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सागर संभागीय प्रभारी चौ.मुकेश सिंह चतुर्वेदी,पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया उपस्थित रहें! उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी!

# चोरों ने एक ही रात में बनाया दो घरों को निशाना, पुलिस द्वारा चोरों की तलाश शुरू

गढ़ीमलहरा। नगर के वार्ड नंबर 7 किशोरगंज मोहल्ले में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक साथ दो घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। सुबह जब परिवार के लोगों को चोरी की जानकारी लगी तब उनके द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घरों का जायजा लेकर चोरों की तलाश शुरु की है।



वार्ड नंबर 7 किशोरगंज मोहल्ला निवासी रामकुमार राठौर और मोतीलाल राठौर ने बताया कि बीती रात वे अपने-अपने घर में परिवार के लोगों के साथ सो रहे थे। अज्ञात चोरों ने रात को घर में घुसकर उन कमरों को बाहर से लॉक कर दिया, जिनमें लोग सो रहे थे। इसके बाद अन्य कमरों में रखी अलमारियों और बक्सों के ताले तोड़कर नगदी तथा जेवरात चोरी कर लिए। बताया गया है कि चोरों ने घर से चुराए गए बक्सों को पास के एक खेत में फेंक दिया था, जो सुबह घर के लोगों को मिले। रामकुमार राठौर और मोतीलाल राठौर की शिकायत पर गढ़ीमलहरा पुलिस ने दोनों घरों का जायजा लिया और चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

# शहर में पागल कुत्ते का आतंक

## भाजपा नेता सहित 35 लोगों को बनाया निशाना

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। आज अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक दुबे सहित बारी-बारी से 30 से 35 लोगों को पागल कुत्ते ने अपना शिकार बना लिया। कुत्ते ने किसी के हाथ में तो किसी के पैर में एवं किसी के गर्दन में काटकर कुछ लोगों को जख्मी कर दिया जो जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचे वहां उनका इलाज चल रहा है।





***भाजपा जिलाध्यक्ष ने जताई नाराजगी***

जब कुत्ते से जख्मी हुये लोग जिला अस्पताल पहुंचे तो उनके उपचार हेतु बैक्सीन उपलब्ध नहीं थी तब भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह गौतम स्वयं जिला अस्पताल पहुंच गये और उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की तब कहीं जिला अस्पताल में उपचार हेतु वैक्सीन बगैरह उपलब्ध कराई गई, सभी लोगों का उपचार जारी है।

***नपा टीम कुत्ता पकड़ने निकली***

पागल कुत्ते की खबर जैसे ही नगर पालिका को मिली तो नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा ने कई टीमें बनाकर रवाना कर दी हैं जो कुत्ते को पकड़ने शहर की कुलियां एवं मोहल्लों में घूम रही है। समाचार लिखे जाने तक पागल कुत्ते को पकड़ने पुष्टि नहीं हुई है।

# कट्टा बनाने की फैक्ट्री... प्रथम पृष्ठ का शेष-

विरुद्ध कई संगीन मामले पहले से दर्ज हैं। रविवार को जिला मुख्यालय के पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में एसपी अगम जैन ने उक्त कार्रवाई को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए विस्तृत जानकारी दी।

***इस तरह हथियार फैक्ट्री तक पहुंची पुलिस***

एसपी अगम जैन ने बताया कि गत 17 जनवरी को सिविल लाइन थाना छतरपुर की पुलिस टीम द्वारा फोर लाइन पर चंद्रपुरा के समीप जितेंद्र कुशवाहा पिता सरजू प्रसाद कुशवाहा लक्ष्मण कॉलोनी छतरपुर को 315 बोर के देशी कट्टा एवं दो कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया था। जब जितेंद्र से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उक्त हथियार उसने सटई थाना क्षेत्र के ग्राम सांदनी निवासी जितेंद्र पुत्र मोहनलाल कुशवाहा से लिया है। इस जानकारी के आधार पर जब पुलिस टीम ने सांदनी निवासी जितेंद्र कुशवाहा को पकड़कर पूछताछ की तो पता चला कि उसने और सटई थाना क्षेत्र के रहने वाले एक अन्य युवक अजेंद्र पटेल ने सांदनी के ही रहने वाले संदीप सेन पिता नाथूराम सेन से हथियार लिए हैं। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने अजेन्द्र पटेल को भी गिरफ्तार किया। इसके बाद संदीप सेन की तलाश शुरु की गई, जिसे पिछले दिनों पुलिस ने 32 बोर की दो पिस्टल एवं कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर लिया। सिविल लाइन पुलिस ने जब संदीप सेन से पूछताछ की तो उसने बताया कि बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुरवा में कट्टा फैक्ट्री का संचालन हो रहा है, जहां से वह हथियार लेता है।

***पिता के धंधे को संभाल रहा था बेटा, पुलिस ने किया गिरफ्तार***

उक्त जानकारी मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने छतरपुर के सिविल लाइन थाना और बमीठा थाना पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर कट्टा फैक्ट्री पर कार्रवाई के निर्देश दिए। जानकारी के आधार पर दोनों थानों की संयुक्त टीम ने ग्राम राजा पुरवा पहुंचकर बबलू पुत्र भगवानदास विश्वकर्मा के घर पर दबिश दी, जहां पर अवैध हथियार बनाए जा रहे थे। मौके पर पुलिस को अवैध देशी कट्टा, भरे एवं खाली कारतूस तथा बड़ी मात्रा में हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री मिली, जिसे जप्त करते हुए अवैध हथियार फैक्ट्री के संचालक बबलू पुत्र भगवानदास विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया है कि बबलू विश्वकर्मा से पहले उसका पिता भगवानदास विश्वकर्मा भी अवैध हथियार बनाने का काम करता था और उसी के द्वारा तैयार किए गए इस अवैध धंधे को बबलू संभाल रहा था। पुलिस ने बताया कि बबलू विश्वकर्मा के विरुद्ध छतरपुर एवं पन्ना जिले में अवैध हथियार और डकैती जैसे 4 अपराध पहले से दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपियों से अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले कुछ अन्य लोगों की जानकारी भी पुलिस को मिली है, जिनकी तलाश अभी जारी है।

**कार्रवाई में इनकी रही सराहनीय भूमिका**

उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, एसडीओपी बिजावर शशांक जैन, सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, बमीठा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, सटई थाना प्रभारी निरीक्षक आरएन पटेरिया, उप निरीक्षक ओशो गुप्ता, शैलेंद्र चौरसिया, शिशिर तिवारी, हरदेव सिंह, सहायक उप निरीक्षक मदन मोहन दुबे, प्रधान आरक्षक काज़ी, वीरेंद्र, रामकृपाल, राजेश पाठक, आरक्षक धर्मेंद्र चतुर्वेदी सुंदरम, अरविंद, जगमोहित, भानु पटेल, उदय सिंह, मुलायम, महिला आरक्षक प्रियंका की भूमिका रही।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321